# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश भर में हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया सतहत्तरवां गणतंत्र दिवस। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान की भूमिका की चर्चा की। कहा–छिहत्तर वर्षों की यात्रा में संविधान ने देखे अनेक उतार चढ़ाव।
- मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिये 35 पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित। राज्य स्तरीय कलाकार सम्मान समारोह में कलाकारों से किया संवाद।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और लखनऊ के निवासी शुभांशु शुक्ला को देश के सर्वोच्च सम्मान अशोक चक्र से किया सम्मानित।
- लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में पहली थ्री डी फुल डोम फिल्म द मून मिशन इंडियाज जर्नी टू द मून हुई लॉच।

**********

प्रदेश भर में कल सतहत्तरवां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। लखनऊ में इस अवसर पर भव्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हुआ।

***गणतंत्र दिवस समारोह में परेड ने अनुशासन, समर्पण और साहस का संदेश दिया। अंतरराज्यीय सहयोग और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के तौर पर इस साल हरियाणा पुलिस की विशेष टुकड़ी भी परेड में शामिल हुई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य में पहली बार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मूदृकश्मीर, गुजरात, बिहार, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित नौ राज्यों के 200 से ज्यादा कलाकारों ने विधानसभा मार्ग पर अपनी प्रस्तुति दी। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान विधान भवन के सामने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस दौरान मुख्यमंत्र योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों सहित शासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास में तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए राष्ट्र के सभी नायकों और उनके योगदान को याद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे संविधान ने 76 वर्षों की यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं।

***1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। 76 वर्ष की इस यात्रा में अनेक उतार–चढ़ाव हमारे इस संविधान ने देखे हैं लेकिन इस सब के बावजूद एक भारत श्रेष्ठ भारत के अपने संकल्पों के अनुरूप उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक प्रत्येक भारतवासी के गौरव भारत की एकात्मता और अखंडता के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए हम सब एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, इसमें में हमारे संविधान की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस के अवसर कल 35 पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो एवं सराहनीय सेवा के लिये सम्मानित किया। इनमें 10 पुलिसकर्मियों को मुख्यमंत्री वीरता पदक और 25 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिए मुख्यमंत्री प्रशस्ति पत्र एवं 25 हजार रुपये की एकमुश्त नकद राशि दी गई। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के तहत राज्य स्तरीय कलाकार सम्मान समारोह में विभिन्न राज्यों एवं प्रदेश के अलग–अलग जनपदों से आये कलाकारों से संवाद किया। साथ ही कला संस्कृति एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये उन्हें सम्मानित भी किया।

**********

आकाशवाणी ने कल नई दिल्ली में अपने मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देश भर में समाज के हर वर्ग के लोगों के सकारात्मक योगदान को मान्यता देने और उसे बढ़ावा देने वाले मंच के रूप में उभर रहा है।

***मन की बात एक ऐसा ट्रेडीशन बन गया है जो केवल देश में नहीं, विदेशों में भी आज इसकी बड़ी गूंज है। किस तरह से देश भर से चुनदृचुन कर जो समाज में उपलब्धि करते हैं, समाज में एक नए तरीके से समाज को आगे बढ़ने का काम करते हैं, ऐसे सभी व्यक्तियों के बारे में मन की बात में स्वयं प्रधानमंत्री जी द्वारा जब जिक्र होता है तो हम सब के लिए एक बहुत ही खुशी का क्षण रहता है।***

कार्यक्रम में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, मंत्रालय के सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने भाग लिया। प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के विशेष आमंत्रित अतिथि भी समारोह में उपस्थित थे। भारोत्तोलक अस्मिता ढोणे ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई उनकी बातचीत ने उन्हें अपने खेल में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

***अस्मिता ढोणे मैं वेटलिफ्टर हूं, मैं महाराष्ट्र से हूं और मैंने अभी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता है और उसके साथ ही मैं थ्री रिकॉर्ड्स भी बनाए थे, तो उसकी वजह से माननीय मोदी जी ने मेरा अभी नाम लिया था मन की बात प्रोग्राम में। उसकी वजह से बहुत अच्छा फील हो रहा है और बहुत मोटिवेशन भी मुझे लग रहा है और उसके साथ कम्युनल चौंपियनशिप में 2024 में तीनों कैटेगिरी में मैंने गोल्ड मेडल जीता है।***

गणतंत्र दिवस परेड में सूचना और प्रसारण मंत्रालय की झांकी ने देश की कहानी परंपरा और वेव्स विजन को प्रदर्शित किया।

**********

एक्सिओम–4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाकर इतिहास रचने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और लखनऊ के रहने वाले शुभांशु शुक्ला को कल गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। उनके सम्मानित किए जाने से परिजन बहुत खुश है। शुभांशु की बहन शुची मिश्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि शुभांशु को कड़ी मेहनत के बाद यह सम्मान मिला है।

***बहुत गौरव की बात, उन्होंने इतनी मेहनत करी है और उनको रिकॉग्निशन मिल रहा है क्योंकि इतनी बड़ी पॉपुलेशन में वह अकेले हैं जिन्होंने हमारे भारत के नाम को इतना ऊंचाई पर ले गए हैं, अंतरिक्ष में गए और उन्होंने वहां पर भारत का झंडा लहराया और मैं तो यही विश करूंगी कि वह आगे ही और ऐसे ही बढ़ते रहे और हमारे देश का नाम ऊंचा करे।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश ने बड़े ही उत्साह और गर्व के साथ गणतन्त्र दिवस मनाया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि कर्तव्य पथ पर भव्य परेड में देश के लोकतंत्र की मजबूती, सांस्कृतिक समृद्धि और राष्ट्र को एक साथ बांधे रखने वाली एकता का प्रदर्शन हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्ता और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इन नेताओं की उपस्थिति भारत–यूरोपीय संघ की मजबूत हो रही साझेदारी और साझा मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की परिचायक है।

**********

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अरहर, मसूर और उड़द सहित दालों की शतप्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने नई दिल्ली में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित किसानों से चर्चा के दौरान यह बात कही।

**********

प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव ने कल लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में देश की पहली थ्री डी फुल स्टीरियो डोम फिल्म 'द मून मिशन इंडियाज जर्नी टू द मून' को लॉच किया । इस अवसर पर पनधारी यादव ने कहा कि यह फिल्म देश की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर आधारित एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति है। यह फिल्म विद्यार्थियों और विज्ञान में रूचि रखने वाले नागरिकों के लिये प्रेरणादायक सिद्ध होगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल देर शाम गोरखपुर पहुंचे। श्री योगी वहां आज बरगदवा रेल ओवर ब्रिज और खजांची चौराहे पर बने फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। कल गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने महायोगी गुरु गोरखनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का दर्शन पूजन भी किया।

**********

लखनऊ से मुंबई जाने वाली ट्रेन पुष्पक एक्सप्रेस का कल से संचालन स्थल बदल दिया गया । ट्रेन अब लखनऊ जंक्शन के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन से रवाना होगी। इसके साथ ही ट्रेन गोमती नगर के बाद बादशाह नगर और ऐशबाग स्टेशन पर भी रुकेगी।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक पश्चिमी जिलों में कहीं कहीं ओले पड़ने की भी आशंका है। विभाग ने कल और उन्तीस जनवरी को प्रदेश भर में कहीं कहीं घने कोहरे की चेतावनी दी है। पूर्वी जिलों में कल भी बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**********